**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये।शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार और पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पैरा निशानेबाज सुभाष राणा, निशानेबाज प्रशिक्षक दीपाली देशपांडे, हॉकी प्रशिक्षक संदीप सांगवान, बैडमिंटन प्रशिक्षक एस. मुरलीधरन और फुटबॉल प्रशिक्षक अरमान्डो एग्नेलो कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया। 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भिवानी की मुक्केबाज नीतू घणघस को अर्जुन पुरस्कार मिला।

पैरालम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पानीपत के गाँव बुआन लाखु के नवदीप सिंह भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुए।

इसके अलावा हरियाणा से,हिसार में डाबडा गांव के अतंराराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संजय कालीरावण, पानीपत के गाँव बुआना लाखु के नवदीप सिंह, अंबाला के गाँव धीन के निशानेबाज़ सरबजोत सिंह, मुक्केबाज स्वीटी बूरा, हाकी खिलाड़ी अभिषेक नैन, मुक्केबाज अमन सेहरावत सोनीपत के गांव भदाना निवासी पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता धर्मबीर नैन को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**********************************************************************

प्रयागराज में पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के कुशलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद अब 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर होने वाले **अमृत स्नान** की तैयारियां हो रही हैं। प्रयागराज में महाकुंभ के चौथे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में लगभग 7 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं।

**********************************************************************

बागवानी विभाग के सहयोग से हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा निर्मित खाली पड़े "पैक हाउस व कोल्ड स्टोर" का फिर से परिचालन किया जाएगा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने इसको लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।कृषि मंत्री ने कहा है कि इससे किसानों को अपने फ़ल एवं सब्ज़ी का संरक्षण करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि मार्किट कमेटी डबवाली के अंतर्गत आने वाले खरीद केन्द्र अबूबशहर में किन्नू फल व सब्जी मण्डी स्थापित किये जाने के बारे में भी चर्चा की गई है। इससे अबूबशहर के आस पास के किसानों को विशेष लाभ होगा।

**********************************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कल कैथल में आयोजित जनता दरबार में महिलाओं की शिकायतें सुनी। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली पर लगे आरोपों पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि अभी तक आयोग के पास इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर पीड़िता की सहेली आकर बयान दर्ज कराती है, तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ने स्पष्ट किया है कि वह महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है।

**********************************************************************

नगर योजनाकार विभाग द्वारा कल भिवानी के सिवानी क्षेत्र में हिसार-राजगढ़ मार्ग व सिवानी-राजगढ़ मार्ग पर मौजा बड़वा में अवैध निर्माण हटाने का अभियान

चलाया गया।भिवानी के उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि अभियान के दौरान जिला भिवानी नियंत्रित क्षेत्र सिवानी के हिसार-राजगढ़ मार्ग पर दो एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में 9 पक्के व,कच्चे रास्तों को तोड़ा गया व इसके अतिरिक्त सिवानी-राजगढ़ मार्ग पर मौजा बड़वा में डेढ़ एकड़ में फैली एक अवैध कालोनी से इंटरलोक टाईल से बानी सड़क व निशानदेही को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया।उन्होंने आमजन से कहा कि वे अवैध कालोनियों में भूखण्ड न खरीदे तथा शहरी क्षेत्र, नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सडक़ों की हरित पट्टी में किसी भी तरह का निमार्ण कार्य न करें।

*****************************************************************

हरियाणा सरकार छात्रों को शिक्षित करने के साथ-साथ स्वरोजगार में भी सक्षम बनाने की दिशा में काम कर रही है।शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा ने बताया कि हरियाणा में व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम 1381 स्कूलों में चल रहा है। इनमें विभिन्न तरह के कौशल में निपुण करने के लिए 2750 प्रयोगशालाएं हैं। योगशाला में दो से □ाई लाख छात्र शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी ले रहे हैं। आज तक लगभग 2868 छात्रों को रोजगार भी दिलवाया जा चुका है। और 1020 छात्रों ने अपना रोजगार शुरू किया है।